**R/P/P/2025/II**

प्रश्न-पुस्तिका क्र.
Question Booklet No.

**SET A**

# विषय-अर्थशास्त्र
# Subject-ECONOMICS

द्वितीय प्रश्न-पत्र ( ऐच्छिक )
Paper II (Optional)
विषय कोड-06
Subject-Code-06

250604181

नाम
Name

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक दिए गए खानों में लिखें।
Candidate should write his/her Roll No. in the given boxes.

मुद्रित पृष्ठों की संख्या/No. of Printed Pages : 38 | कुल प्रश्नों की संख्या/Total No. of Questions : 100

समय : 3 घण्टे प्रथम व द्वितीय प्रश्न-पत्र मिलाकर हल करने हेतु | अधिकतम पूर्णांक/Maximum Marks : 200

Time Allowed : 3 Hours to complete both Ist and IInd question paper

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. यह प्रश्न-पुस्तिका दो भाषाओं-हिन्दी व अंग्रेजी में छपी है । परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार कोई भी एक भाषा चुन सकते हैं ।
2. प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प हैं । प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर सही है । उचित विकल्प चुनें और उत्तर-पत्रक ( ओ.एम.आर. शीट ) पर सम्बन्धित वृत्त को काले बॉल प्वॉइंट पेन से काला करें ।
3. इस परीक्षा में दो प्रश्न-पत्र हैं जिसमें कुल मिलाकर 150 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है । दोनों प्रश्न-पत्र व सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक सही उत्तर के लिए 2 अंक दिये जायेंगे । अनुत्तरित प्रश्न के लिये कोई अंक नहीं है । ऋणात्मक मूल्यांकन का प्रावधान नहीं हैं ।

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न-पत्र I | सामान्य प्रश्न-पत्र | ( प्रश्न संख्या 1-50 ) |
| प्रश्न-पत्र II | परीक्षार्थी द्वारा चयनित विषय का प्रश्न-पत्र | ( प्रश्न संख्या 51-150 ) |

4. इस प्रश्न-पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या आवरण पृष्ठ पर दर्शाई गई है । परीक्षार्थी को सलाह दी जाती है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पृष्ठ ठीक से मुद्रित और जिल्दबंद हों । अन्यथा वे उसी सेट की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका तत्काल माँग लें ।
5. कृपया उत्तर-पत्रक ( ओ.एम.आर. शीट ) पर निर्धारित स्थानों पर ही आवश्यक प्रविष्टियाँ करें, अन्य स्थानों पर नहीं ।
6. परीक्षार्थी सभी रफ़ कार्य प्रश्न-पुस्तिका के निर्धारित स्थान पर ही करें, अन्यत्र कहीं नहीं तथा उत्तर-पत्र ( ओ.एम.आर. शीट ) पर भी नहीं ।
7. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरों में से हिन्दी रूपांतर को मानक माना जाएगा ।
8. किसी प्रकार का केल्कुलेटर, लॉग टेबल व किसी प्रकार का इलेक्ट्रानिक डिवाइस आदि का प्रयोग वर्जित है ।
9. जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने का निर्देश दिया जाये उसके पश्चात् ही उत्तर-पत्रक ( ओ.एम.आर. शीट ) में उत्तर को चिन्हित करने के लिये केवल काले बॉल प्वॉइंट पेन का प्रयोग करें ।
10. परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् ओ.एम.आर. शीट वीक्षक को सौंपने के पश्चात् ही अभ्यर्थी कक्ष छोड़ेंगे ।
11. उत्तर-पत्रक ( ओ.एम.आर. ) पर उत्तर देने से पहले दिए गए निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें ।

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES

1. This Question Booklet is printed in two languages—Hindi and English. Candidates can select any one of the two languages according to their convenience.
2. Each question has four options. There is only one correct answer to each question. Choose the appropriate option and darken/blacken the corresponding circle on the Answer Sheet (OMR Sheet) with black point pen.
3. In this examination there are two question papers, consisting of 150 objective type questions and each question carries 2 marks. Both the question papers and all the questions are compulsory. Two (2) marks shall be awarded for each correct answer. Unanswered question will not be given any marks. There is no provisions for Negative Marking.

| | | |
|---|---|---|
| Paper I | General paper | (Q. No. 1-50) |
| Paper II | Question paper on the Subject opted by the examinee | (Q. No. 51-150) |

4. No. of pages consisting of this question booklet is indicated over the cover page. Candidates are advised to ensure that all the pages of Question Booklet are properly printed and binded. Otherwise they may demand the other Question Booklet of the same set.
5. Kindly make necessary entries on the Answer Sheet (OMR Sheet) only at the places indicated and nowhere else.
6. Examinee should do all rough work on the spaces meant for rough work on the pages given in the Question Booklet and nowhere else, not even on the Answer Sheet (OMR Sheet).
7. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature in any question, then out of the Hindi and English versions of the question, the Hindi version will be treated as standard one.
8. Use of any type of calculator, log table or any type of electronic devices etc. are not allowed.
9. Use only black ball point pen to mark the answers in the Answer Sheet (OMR Sheet) only after you are instructed to open the Question Booklet.
10. Candidates will leave the Examination Hall only after handing over the Answer Sheet (OMR Sheet) to the Invigilator at the end of the examination.
11. Before answering on Answer Sheet (OMR Sheet) ensure to follow the instructions given for that.

npcareer.in

रफ़ कार्य के लिए जगह

(SPACE FOR ROUGH WORK)

mpcareer.in

51. Which one of the following statements about the price effect is correct ?

(A) Price Effect = Income Effect + Substitution Effect

(B) Price Effect = Income Effect − Substitution Effect

(C) Price Effect = Substitution Effect − Income Effect

(D) None of the above

52. The difference between total cost and total variable cost is :

(A) Short Run Marginal Cost

(B) Long Run Marginal Cost

(C) Total Fixed Cost

(D) Average Fixed Cost

53. Correct mathematical form of Cobb-Douglas production function is :

(A) $Q = AL^{a}K^{1-a}$ (B) $Q = AL^{a}K^{1/a}$

(C) $Q = A(LK)^{1-a}$ (D) $Q = A(LK)^{a}$

51. कीमत प्रभाव के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा एक कथन सत्य है ?

(A) कीमत प्रभाव = आय प्रभाव + प्रतिस्थापन प्रभाव

(B) कीमत प्रभाव = आय प्रभाव − प्रतिस्थापन प्रभाव

(C) कीमत प्रभाव = प्रतिस्थापन प्रभाव − आय प्रभाव

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

52. कुल लागत एवं कुल परिवर्तनशील लागत के मध्य अंतर होता है :

(A) अल्पकालीन सीमान्त लागत

(B) दीर्घकालीन सीमान्त लागत

(C) कुल स्थिर लागत

(D) औसत स्थिर लागत

53. कॉब-डगलस उत्पादन फलन का सही गणितीय स्वरूप है :

(A) $Q = AL^{a}K^{1-a}$ (B) $Q = AL^{a}K^{1/a}$

(C) $Q = A(LK)^{1-a}$ (D) $Q = A(LK)^{a}$

mpcareer.in

54. According to Daniel Bernoulli a rational consumer under the situation of risk and uncertainty takes decision on the basis of :

(A) On Expected Monetary Value

(B) On Expected Utility

(C) On Expected Inflation

(D) On Expected Production Value

55. Which of the following is the necessary condition for firm's equilibrium in long run under the perfect competition ?

(A) Average Cost = Average Revenue

(B) Price = Marginal Cost

(C) Price = Average Cost

(D) Price = Marginal Cost = Minimum Average Cost

56. The short-run earnings of a machine minus the short run cost of keeping it in running order is :

(A) Rent (B) Interest

(C) Quasi-Rent (D) Profit

54. डैनियल बर्नौली के अनुसार जोखिम एवं अनिश्चितता की स्थिति में विवेकशील उपभोक्ता निम्न आधार पर निर्णय लेता है :

(A) प्रत्याशित मौद्रिक मूल्य पर

(B) प्रत्याशित उपयोगिता पर

(C) प्रत्याशित मुद्रास्फीति पर

(D) प्रत्याशित उत्पादन मूल्य पर

55. पूर्ण प्रतियोगिता के अन्तर्गत दीर्घकाल में फर्म के सन्तुलन की अनिवार्य शर्त निम्नलिखित में से कौनसी है ?

(A) औसत लागत = औसत आगम

(B) कीमत = सीमान्त लागत

(C) कीमत = औसत लागत

(D) कीमत = सीमान्त लागत = न्यूनतम औसत लागत

56. अल्पकाल में किसी मशीन से प्राप्त आय तथा अल्पकाल में मशीन को चालू अवस्था में बनाए रखने की लागत का अन्तर है :

(A) लगान (B) ब्याज

(C) अर्द्ध-लगान (D) लाभ

mpcareer.in

57. Which of the following equilibrium approaches explains the multi-market equilibrium ?

(A) Partial

(B) General

(C) Stable

(D) Both partial and stable

58. Pareto optimum points are located on which of the following curves ?

(A) On Contract Curve

(B) On Indifference Curve

(C) On Utility Curve

(D) On Transformation Curve

59. Scitovsky's double criterion of welfare is an improvement upon the following :

(A) Pareto Optimality

(B) Bergson-Samuelson Social Functions

(C) Kaldor-Hicks Test

(D) Samuelson Theorem

57. निम्नलिखित में से कौनसा सन्तुलन दृष्टिकोण बहुबाजार सन्तुलन को समझाता है ?

(A) आंशिक

(B) सामान्य

(C) स्थायी

(D) आंशिक एवं स्थायी दोनों

58. परेटो अनुकूलतम बिन्दु निम्नलिखित में से किस वक्र पर स्थित होते हैं ?

(A) प्रसंविदा वक्र पर

(B) उदासीनता वक्र पर

(C) उपयोगिता वक्र पर

(D) रूपान्तरण वक्र पर

59. साइटोवस्की का कल्याण का दोहरा मानदण्ड निम्नलिखित में से किस पर सुधार है ?

(A) परेटो अनुकूलतम

(B) बर्गसन-सैम्युल्सन सामाजिक फलन

(C) काल्डोर-हिक्स परीक्षण

(D) सैम्युलसन प्रमेय

mpcareer.in

60. Nash Equilibrium is associated with the following :

(A) Monopoly

(B) Monopolistic Competition

(C) Game Theory

(D) Perfect Competition

61. The difference between $NNP_{FC}$ and $NNP_{MP}$ is due to :

(A) Depreciation

(B) Net Indirect Tax

(C) Corporate Tax

(D) Net Factor income from abroad

62. One of the methods of eliminating the problem of double counting in the estimation of National Income is :

(A) By including the value of only intermediate goods

(B) By not including non-market transactions

(C) By including the value of only final goods

(D) By including the imputed value of goods and services

60. नैश सन्तुलन निम्नलिखित से सम्बन्धित है :

(A) एकाधिकार

(B) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता

(C) खेल सिद्धान्त

(D) पूर्ण प्रतियोगिता

61. $NNP_{FC}$ और $NNP_{MP}$ में अन्तर का कारण है :

(A) मूल्यह्रास

(B) निवल अप्रत्यक्ष कर

(C) निगम कर

(D) विदेशों से प्राप्त शुद्ध साधन आय

62. राष्ट्रीय आय के मापन में दोहरी गणना की समस्या को रोकने का एक तरीका है :

(A) केवल मध्यवर्ती वस्तुओं के मूल्य को शामिल करके

(B) गैर-बाजार लेन-देन को शामिल न करके

(C) केवल अन्तिम वस्तुओं के मूल्य को शामिल करके

(D) वस्तुओं एवं सेवाओं के अनुमानित मूल्यों को शामिल करके

mpcareer.in

63. Which of the following is not true about classical theory of employment ?

(A) Full employment equilibrium is a normal condition in the economy.

(B) Supply creates its own demand.

(C) Over-production and unemployment is a normal condition.

(D) Rate of interest, wage rate and prices are perfectly flexible.

64. The point of effective demand is determined, where :

(A) Aggregate demand = Aggregate Supply

(B) Aggregate demand > Aggregate Supply

(C) Aggregate demand < Aggregate Supply

(D) Aggregate demand curve is perfectly elastic.

65. Which of the following is not true ?

(A) $MPC+MPS=1$

(B) $\frac{\Delta C}{\Delta Y}=1-\frac{\Delta S}{\Delta Y}$

(C) $APC+APS=1$

(D) $\frac{\Delta C}{\Delta Y}>1$

63. रोजगार के प्रतिष्ठित सिद्धान्त के विषय में निम्नलिखित में से क्या सही नहीं है ?

(A) अर्थव्यवस्था में पूर्ण रोजगार संतुलन एक सामान्य दशा है।

(B) पूर्ति अपनी माँग स्वयं उत्पन्न करती है।

(C) अति-उत्पादन और बेरोजगारी सामान्य दशा है ।

(D) ब्याज दर, मजदूरी दर और कीमतें पूर्णतः लोचशील हैं ।

64. प्रभावपूर्ण माँग वहाँ निर्धारित होती है, जहाँ :

(A) समग्र माँग = समग्र पूर्ति

(B) समग्र माँग > समग्र पूर्ति

(C) समग्र माँग < समग्र पूर्ति

(D) समग्र माँग वक्र पूर्णतः लोचदार होती है

65. निम्नलिखित में से क्या सही नहीं है ?

(A) $MPC+MPS=1$

(B) $\frac{\Delta C}{\Delta Y}=1-\frac{\Delta S}{\Delta Y}$

(C) $APC+APS=1$

(D) $\frac{\Delta C}{\Delta Y}>1$

mpcareer.in

66. In the equation C = 100 + 0.8Y, what does 0.8 show ?

(A) MPC (B) MPS

(C) APC (D) APS

67. Under the condition of liquidity trap, the speculative demand for money is :

(A) Infinite elastic

(B) Zero elastic

(C) Unitary elastic

(D) Perfectly inelastic

68. In IS-LM model, what does LM curve show ?

(A) Equality of saving and investment

(B) Equality of demand for and supply of goods

(C) Equilibrium in goods market

(D) Equality of demand for money and supply of money

66. समीकरण C = 100 + 0.8Y में 0.8 क्या प्रदर्शित करता है ?

(A) MPC (B) MPS

(C) APC (D) APS

67. तरलता जाल की दशा में मुद्रा की सट्टा माँग होती है :

(A) अनन्त लोचदार

(B) शून्य लोचदार

(C) इकाई लोचदार

(D) पूर्णतया बेलोचदार

68. IS-LM मॉडल में LM वक्र क्या प्रदर्शित करता है ?

(A) बचत और विनियोग की समानता

(B) वस्तुओं की माँग और पूर्ति की समानता

(C) वस्तु बाजार में संतुलन

(D) मुद्रा की माँग और मुद्रा की पूर्ति की समानता

mpcareer.in

69. Under Phillips curve analysis, when the rate of unemployment declines, what change occurs in the rate of change in monetary wage ?

(A) Remains stable

(B) Decreases

(C) Increases

(D) Decreases and becomes stable

70. Which one is not correct about Rational Expectation Hypothesis ?

(A) Rational Expectation Hypothesis was first developed by J. F. Muth.

(B) It is based on assumption of price-wage flexibility.

(C) The stabilization policies of the government are effective in short run.

(D) Monetary and Fiscal policy cannot influence real activity so long as these economic policies are predictable.

69. फिलिप्स वक्र विश्लेषण के अन्तर्गत जब बेरोजगारी की दर घटती है तो मौद्रिक मजदूरी की परिवर्तन की दर में क्या परिवर्तन होता है ?

(A) स्थिर रहती है

(B) घटती है

(C) बढ़ती है

(D) घटकर स्थिर हो जाती है

70. विवेकपूर्ण प्रत्याशा परिकल्पना के सम्बन्ध में क्या सही नहीं है ?

(A) विवेकपूर्ण प्रत्याशा परिकल्पना को सर्वप्रथम जे. एफ. मुथ द्वारा विकसित किया गया ।

(B) यह कीमत-मजदूरी लचीलेपन की मान्यता पर आधारित है ।

(C) सरकार की स्थिरीकरण नीतियाँ अल्पकाल में प्रभावी हैं ।

(D) मौद्रिक और राजकोषीय नीति वास्तविक क्रियाओं को तब तक प्रभावित नहीं कर सकती जब तक ये आर्थिक नीतियाँ पूर्वानुमान योग्य हैं ।

mpcareer.in

71. Autocorrelation is generally occurred in............... .

(A) Cross Section Data

(B) Time Series Data

(C) Pooled Data

(D) Panel Data

72. By which test is the presence of heteroscedasticity detected in Econometrics ?

(A) Spearman's Rank Correlation Test

(B) Durbin Watson Test

(C) Fisher's Variance-Ratio Method

(D) Von-Neumann's Ratio Method

73. Using standard notation consider the following equation system :

$$Y_1 = \alpha_0 + \alpha_1 Y_2 + \alpha_3 Y_3 + \alpha_4 X_1 + \alpha_5 X_2 + U_1$$

$$Y_2 = \beta_0 + \beta_1 Y_3 + \beta_2 Y_1 + \beta_3 X_2 + U_2$$

According to order first equation is :

(A) Un-identified

(B) Exactly identified

(C) Over identified

(D) None of the above

71. स्वसहसम्बन्ध सामान्यतया.........................में होता है ।

(A) अनुप्रस्थ समंक

(B) काल श्रेणी समंक

(C) समूहीकृत समंक

(D) पट्टिका समंक

72. अर्थमिति में विषमविचालिता की उपस्थिति का परीक्षण किस विधि द्वारा किया जाता है ?

(A) स्पीयरमैन की क्रमान्तर सहसम्बन्ध विधि

(B) डर्बिन-वाटसन विधि

(C) फिशर की प्रसरण-अनुपात विधि

(D) वॉन-न्यूमन की अनुपात विधि

73. मानक संकेतों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित समीकरण प्रणाली पर विचार कीजिए :

$$Y_1 = \alpha_0 + \alpha_1 Y_2 + \alpha_3 Y_3 + \alpha_4 X_1 + \alpha_5 X_2 + U_1$$

$$Y_2 = \beta_0 + \beta_1 Y_3 + \beta_2 Y_1 + \beta_3 X_2 + U_2$$

क्रमानुसार प्रथम समीकरण है :

(A) बिना-अभिज्ञात

(B) पूर्ण-अभिज्ञात

(C) अति-अभिज्ञात

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

mpcareer.in

74. The formula for coefficient of determination is :

(A) $1-\frac{RSS}{TSS}$
(B) $1-\frac{RSS}{ESS}$
(C) $1-\frac{TSS}{RSS}$
(D) $1-\frac{ESS}{TSS}$

74. निर्धारण गुणांक का सूत्र है :

(A) $1-\frac{RSS}{TSS}$
(B) $1-\frac{RSS}{ESS}$
(C) $1-\frac{TSS}{RSS}$
(D) $1-\frac{ESS}{TSS}$

75. Testing for cointegration is given by :

(A) Dickey-Fuller Test
(B) Engle-Grenger Test
(C) Error Correction Mechanism
(D) F-test

75. सह-समेकन परीक्षण किया जाता है :

(A) डिकी-फुलर परीक्षण द्वारा
(B) एन्जिल-ग्रेन्जर परीक्षण द्वारा
(C) त्रुटि संशोधन तन्त्र द्वारा
(D) F-परीक्षण द्वारा

76. The mean marks of 100 students were found to be 40. Later it was discovered that a score of 74 was misread as 14. True mean marks are :

(A) 406.0
(B) 46.8
(C) 46.0
(D) 40.6

76. 100 छात्रों का औसत प्राप्तांक 40 था । बाद में यह पता चला कि एक विद्यार्थी के अंक 74 के स्थान पर गलती से 14 पढ़े गये । सही औसत प्राप्तांक होंगे :

(A) 406.0
(B) 46.8
(C) 46.0
(D) 40.6

mpcareer.in

77. Karl Pearson's coefficient of correlation between variables X and Y is – 0.75. Their covariance is – 15. If variance of X is 25, the standard deviation of Y will be :

(A) 5 (B) 25

(C) 16 (D) 4

78. What is the formula of circular test for the adequacy of an ideal index number ?

(A) $P_{01} \times P_{12} \times P_{23} = 1$

(B) $P_{01} \times P_{21} \times P_{32} = 1$

(C) $P_{01} \times P_{12} \times P_{32} = 1$

(D) $P_{01} \times P_{21} \times P_{31} = 1$

79. While testing significance of the difference of two sample means in case of small samples, the degrees of freedom is calculated by :

(A) $n_1 + n_2 + 2$

(B) $n_1 + n_2 - 2$

(C) $n_1 - n_2 + 2$

(D) $n_1 - n_2 - 2$

77. X एवं Y चरों में कार्ल पियर्सन का सहसम्बन्ध गुणांक – 0.75 है । उनका सहविचरण – 15 है । यदि X श्रेणी का प्रसरण 25 है, तो Y श्रेणी का प्रमाप विचलन होगा :

(A) 5 (B) 25

(C) 16 (D) 4

78. आदर्श सूचकांक की पर्याप्तता के लिये चक्रीय परीक्षण का सूत्र क्या है ?

(A) $P_{01} \times P_{12} \times P_{23} = 1$

(B) $P_{01} \times P_{21} \times P_{32} = 1$

(C) $P_{01} \times P_{12} \times P_{32} = 1$

(D) $P_{01} \times P_{21} \times P_{31} = 1$

79. लघु प्रतिदर्शों के सन्दर्भ में, दो प्रतिदर्श माध्यों के मध्य अन्तर के सार्थकता परीक्षण की जाँच के लिये स्वातंत्र्य कोटियों का मापन किया जायेगा :

(A) $n_1 + n_2 + 2$ द्वारा

(B) $n_1 + n_2 - 2$ द्वारा

(C) $n_1 - n_2 + 2$ द्वारा

(D) $n_1 - n_2 - 2$ द्वारा

mpcareer.in

80. In case of Normal distribution $\overline{X} \pm 2\sigma$ covers the area under the normal curve :

(A) 68.27% (B) 90.45%

(C) 95.45% (D) 99.73%

81. Let $S_1 = \{a, b, c, 2\}$ and $S_2 = \{1, 2, 3\}$, then what will be the product of $S_1$ and $S_2$ $(S_1 \cap S_2)$ ?

(A) {0}

(B) {2}

(C) $\{a, b, c, 1, 2, 3\}$

(D) $\{a, b, c, 1, 2, 2, 3\}$

82. Which particular series is used to explain the concept of multiplier in economics and credit expansion of banks ?

(A) Geometric series

(B) Arithmetic series

(C) Exponential series

(D) Simple series

80. प्रसामान्य बंटन में $\overline{X} \pm 2\sigma$ के अन्तर्गत प्रसामान्य वक्र के अधीन क्षेत्र हैं :

(A) 68.27% (B) 90.45%

(C) 95.45% (D) 99.73%

81. $S_1 = \{a, b, c, 2\}$ एवं $S_2 = \{1, 2, 3\}$, दिये जाने पर $S_1$ एवं $S_2$ का गुणनफल $(S_1 \cap S_2)$ क्या होगा ?

(A) {0}

(B) {2}

(C) $\{a, b, c, 1, 2, 3\}$

(D) $\{a, b, c, 1, 2, 2, 3\}$

82. अर्थशास्त्र में गुणक की अवधारणा एवं बैंकों के जमा विस्तार सिद्धान्त को समझाने के लिए कौनसी विशिष्ट श्रेणी का उपयोग किया जाता है ?

(A) गुणोत्तर श्रेणी

(B) गणितीय श्रेणी

(C) घातीय श्रेणी

(D) सरल श्रेणी

mpcareer.in

83. A loan of Rs. 3,250 is to be repaid by paying Rs. 20 in the first month, increasing per month by Rs. 15 in subsequent months. How many months will it take to clear the loan ?

(A) 20 months (B) 22 months

(C) 24 months (D) 26 months

84. If price charged by a competitive firm is Rs. 200 per unit and its total cost function is $1/3Q^3 - 7Q^2 + 11Q + 50$, what will be its profit function ?

(A) $1/3Q^3 - 7Q^2 + 11Q + 50 - 200Q$

(B) $200Q - 1/3Q^3 + 7Q^2 - 11Q - 50$

(C) $200Q - Q^2 + 14Q - 11$

(D) $200 - Q^2 + 14Q - 11$

85. Given demand function :

$$Q = 30 - 4P - P^2$$

What will be the elasticity of demand for $P = 3$ ?

(A) 3.4 (B) 4.4

(C) 3.3 (D) 4.3

83. 3,250 रु. का ऋण चुकाने के लिए यदि प्रथम माह में 20 रु. चुकाकर आने वाले माह में प्रति माह 15 रु. बढ़ाकर चुकाये जाएँ तो समस्त राशि का भुगतान करने में कितने माह का समय लगेगा ?

(A) 20 माह (B) 22 माह

(C) 24 माह (D) 26 माह

84. यदि किसी प्रतियोगी फर्म द्वारा प्रति इकाई कीमत 200 रु. ली जाती है तथा इसका कुल लागत फलन $1/3Q^3 - 7Q^2 + 11Q + 50$ है, तो फर्म का लाभ फलन क्या होगा ?

(A) $1/3Q^3 - 7Q^2 + 11Q + 50 - 200Q$

(B) $200Q - 1/3Q^3 + 7Q^2 - 11Q - 50$

(C) $200Q - Q^2 + 14Q - 11$

(D) $200 - Q^2 + 14Q - 11$

85. माँग फलन :

$$Q = 30 - 4P - P^2$$

दिये जाने पर $P = 3$ की स्थिति में माँग की लोच कितनी होगी ?

(A) 3.4 (B) 4.4

(C) 3.3 (D) 4.3

mpcareer.in

86. For two commodities A and B demand is $x_A$ and $x_B$, prices are $p_A$ and $p_B$ and the demand functions are given by

$$x_A = p_A^{-1.3} p_B^{0.5} \text{ and } x_B = p_A^{0.3} p_B^{-0.5}$$

in this condition the two commodities A and B will be :

(A) Substitutes

(B) Complementary

(C) Independent

(D) Giffen Goods

87. Matrix A is given as :

$$A = \begin{bmatrix} 2 & 1 & 4 \\ 0 & 2 & 3 \\ 0 & 0 & 2 \end{bmatrix}$$

Which of the following options is correct for matrix A ?

(A) Identity matrix

(B) Symmetric matrix

(C) Triangular matrix

(D) Diagonal matrix

86. दो वस्तुओं A एवं B की माँग $x_A$ एवं $x_B$, कीमतें $p_A$ एवं $p_B$, दिया गया माँग फलन

$$x_A = p_A^{-1.3} p_B^{0.5} \text{ एवं } x_B = p_A^{0.3} p_B^{-0.5}$$

इस स्थिति में A एवं B वस्तुएँ किस प्रकार की होंगी ?

(A) प्रतिस्पर्धी

(B) पूरक

(C) असंबद्धित

(D) निम्नस्तरीय(गिफिन)वस्तुएँ

87. आव्यूह A दिया हुआ है :

$$A = \begin{bmatrix} 2 & 1 & 4 \\ 0 & 2 & 3 \\ 0 & 0 & 2 \end{bmatrix}$$

निम्नांकित में से कौनसा विकल्प आव्यूह A के संदर्भ में सही है ?

(A) तत्समक आव्यूह

(B) सममित आव्यूह

(C) त्रिभुजाकार आव्यूह

(D) विकर्ण आव्यूह

mpcareer.in

88. The demand and cost functions of a monopolist are given to be :

$P = 304 - 2Q$ and $C = 500 + 4Q + 8Q^2$

At what level of output monopolist's profit will be maximum ?

(A) 274 (B) 116

(C) 15 (D) 75

89. Who is known as the father of Input-Output analysis ?

(A) Hicks

(B) Paul A. Samuelson

(C) W. W. Leontief

(D) Milton Friedman

90. For the differential equation given below, what will be the order and degree ?

$$\left(\frac{d^3y}{dx^3}\right)^2 - 18\left(\frac{d^2y}{dx^2}\right)^3 + 7\left(\frac{dy}{dx}\right) + xy$$

(A) Order 1, degree 1

(B) Order 2, degree 3

(C) Order 3, degree 2

(D) Order 5, degree 5

88. एक एकाधिकारी के माँग फलन एवं लागत फलन निम्नांकित हैं :

$P = 304 - 2Q$ तथा $C = 500 + 4Q + 8Q^2$

उत्पादन के किस स्तर पर एकाधिकारी का लाभ अधिकतम होगा ?

(A) 274 (B) 116

(C) 15 (D) 75

89. आगत-निर्गत विश्लेषण का पिता किसको कहा जाता है ?

(A) हिक्स

(B) पॉल ए. सैम्युलसन

(C) डब्ल्यू. डब्ल्यू. लियोन्टिफ

(D) मिल्टन फ्रीडमैन

90. निम्नलिखित डिफरेन्शिअल समीकरण का ऑर्डर (क्रम) एवं डिग्री कितनी होगी ?

$$\left(\frac{d^3y}{dx^3}\right)^2 - 18\left(\frac{d^2y}{dx^2}\right)^3 + 7\left(\frac{dy}{dx}\right) + xy$$

(A) ऑर्डर 1, डिग्री 1

(B) ऑर्डर 2, डिग्री 3

(C) ऑर्डर 3, डिग्री 2

(D) ऑर्डर 5, डिग्री 5

mpcareer.in

91. Who demonstrated the case of factor-price equalization among the following ?

(A) Samuelson and Lerner

(B) Heckscher and Ohlin

(C) Samuelson and Uzana

(D) None of the above

92. Which of the following terms of trade takes into account the productivity changes both in the domestic export sector and foreign export sector producing the country's imports ?

(A) Single Factoral Terms of Trade

(B) Income Terms of Trade

(C) Double Factoral Terms of Trade

(D) Commodity Terms of Trade

91. निम्नलिखित में से किसके द्वारा पूर्ण साधन-कीमत समानीकरण के सिद्धान्त की व्याख्या की गयी ?

(A) सैम्युलसन एवं लर्नर

(B) हैक्सचर एवं ओहलिन

(C) सैम्युलसन एवं उजाना

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

92. निम्नलिखित में से कौनसी व्यापार की शर्तें घरेलू निर्यात क्षेत्र एवं बाह्य निर्यात क्षेत्र जो देशों के आयातों का निर्माण करता है, की उत्पादकता में परिवर्तन को ध्यान में रखती है :

(A) एकल-साधन व्यापार की शर्तें

(B) आय व्यापार की शर्तें

(C) द्वि-साधन व्यापार की शर्तें

(D) वस्तु व्यापार की शर्तें

mpcareer.in

93. Who assumed that it is the shape of Production Possibility Curve (PPC) under different cost conditions which determines the basis and the gain from trade ?

(A) Keynes (B) Haberler

(C) Ricardo (D) Ohlin

94. Which of the following conditions represents 'Balanced Balance of Payment' situation ?

(A) $B/P_B = R - P = 0$

(B) $B/P_F = R - P > 0$

(C) $B/P_B = R - P < 0$

(D) $B/P_F = R - P \leq 0$

95. GATT is also known as :

(A) Successor of WTO

(B) Enemy of WTO

(C) Predecessor of WTO

(D) Competitor of WTO

93. किसका मानना था कि विभिन्न लागत स्थितियों में उत्पादन सम्भावना वक्र (PPC) का आकार, व्यापार के आधार एवं लाभ को निर्धारित करता है ?

(A) कीन्स (B) हैबरलर

(C) रिकार्डो (D) ओहलिन

94. निम्नलिखित में से कौनसी स्थिति 'संतुलित भुगतान-संतुलन' को दर्शाती है ?

(A) $B/P_B = R - P = 0$

(B) $B/P_F = R - P > 0$

(C) $B/P_B = R - P < 0$

(D) $B/P_F = R - P \leq 0$

95. GATT को निम्न नाम से भी जाता है :

(A) WTO का उत्तराधिकारी

(B) WTO का शत्रु

(C) WTO का पूर्ववर्ती

(D) WTO का प्रतिस्पर्धी

mpcareer.in

96. The Vent for surplus theory was first explained by :

(A) Adam Smith

(B) Myint

(C) Ricardo

(D) Malthus

97. Simultaneous buying and selling of foreign currencies with an intention to make profit from differences between the prevailing exchange rates in the different markets at the same time is known as :

(A) Hedging

(B) Futures

(C) Options

(D) Arbitrage

98. How is "Optimum Tariff" rate expressed ?

(A) $T_f = \frac{e-1}{1}$ (B) $T_f = \frac{1}{e-1}$

(C) $T_f = \frac{1}{(1-1)}$ (D) $T_f = \frac{1+e}{e}$

96. अधिशेष के लिये वेंट सिद्धान्त की व्याख्या सर्वप्रथम किसके द्वारा की गयी ?

(A) एडम स्मिथ द्वारा

(B) मिन्ट द्वारा

(C) रिकार्डो द्वारा

(D) माल्थस द्वारा

97. एक ही समय में विभिन्न बाजारों में लाभ कमाने के उद्देश्य से विदेशी मुद्रा को बेचना व खरीदना एवं प्रचलित विनिमय दरों का लाभ उठाना कहलाता है :

(A) हेजिंग

(B) फ्यूचर्स

(C) ऑप्शन्स

(D) आर्बिट्रेज

98. "इष्टतम प्रशुल्क" दर को कैसे व्यक्त किया जाता है ?

(A) $T_f = \frac{e-1}{1}$ (B) $T_f = \frac{1}{e-1}$

(C) $T_f = \frac{1}{(1-1)}$ (D) $T_f = \frac{1+e}{e}$

mpcareer.in

99. 'J curve effect' occurs when :

(A) Devaluation initially improves BoP but worsens it after some time.

(B) Devaluation initially worsens BoP and then improves it.

(C) Devaluation continuously improves BoP.

(D) Devaluation continuously worsens BoP.

100. When a firm discriminates in favour of some foreign buyers temporarily with the purpose of eliminating some competitors and later raises the price after competition is dead, it is called :

(A) Dumping

(B) Predatory Dumping

(C) Persistant Dumping

(D) Tariff

99. 'J वक्र प्रभाव' उत्पन्न होता है जब :

(A) अवमूल्यन प्रारम्भ में भुगतान संतुलन को बेहतर करता है किन्तु कुछ समय पश्चात् खराब करता है ।

(B) अवमूल्यन के कारण भुगतान संतुलन प्रारम्भ में खराब होता है किन्तु बाद में बेहतर हो जाता है ।

(C) अवमूल्यन भुगतान संतुलन को सतत् रूप से बेहतर बनाता है ।

(D) अवमूल्यन भुगतान संतुलन को सतत् रूप से खराब करता है ।

100. जब एक फर्म कुछ विदेशी क्रेताओं के साथ उनके पक्ष में मूल्य विभेद करती है ताकि कुछ प्रतियोगी समाप्त हो जायें एवं बाद में मूल्य बढ़ाया जा सके तो इस स्थिति को कहते हैं :

(A) राशिपातन

(B) हिंसक राशिपातन

(C) सतत् राशिपातन

(D) प्रशुल्क

mpcareer.in

101. What has been the impact on the role of the state in Indian Planning by encouraging private sector progressively and increasing reliance on competition and market forces ?

(A) The role of state has ended.

(B) The role of state has remained unchanged.

(C) The role of state has changed.

(D) The role of state has decreased in terms of growth.

101. भारतीय नियोजन में उत्तरोत्तर निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन देने तथा प्रतिस्पर्धा एवं बाजार शक्तियों पर भरोसा बढ़ाने से राज्य की भूमिका पर क्या प्रभाव पड़ा है ?

(A) राज्य की भूमिका समाप्त हो गई है ।

(B) राज्य की भूमिका अपरिवर्तित है ।

(C) राज्य की भूमिका बदल गई है ।

(D) राज्य की भूमिका विकास के संदर्भ में कम हो गई है ।

102. Who among the following economists has been a strong supporter of progressive tax system ?

(A) Seligman

(B) McCulloch

(C) Harley Lutz

(D) Antonio Marco

102. निम्नलिखित अर्थशास्त्रियों में से कौन प्रगतिशील कर प्रणाली के प्रबल समर्थक रहे हैं ?

(A) सेलिगमैन

(B) मैकक्लॉक

(C) हार्ले लुट्ज

(D) एंटोनियो मार्को

103. Which one of the following is not included in the 'principles of taxation' given by Adam Smith ?

(A) Principle of Equity

(B) Principle of Convenience

(C) Principle of Certainty

(D) Principle of Critical Minimum Limit

104. Peacock-Wiseman Hypothesis is related to :

(A) Increase in Non-Tax Revenue

(B) Change in the pattern of growth of public expenditure

(C) Increase in public expenditure in relation to Gross Domestic Product

(D) Fiscal Deficit

105. The burden of tax will be borne by the seller more than the buyer, if the elasticity of demand for the commodity is :

(A) More than one

(B) Less than one

(C) Equal to one

(D) Zero

103. एडम स्मिथ द्वारा प्रदत्त करारोपण के सिद्धान्तों में निम्नलिखित में से कौनसा सिद्धान्त सम्मिलित नहीं है ?

(A) समता का सिद्धान्त

(B) सुविधा का सिद्धान्त

(C) निश्चितता का सिद्धान्त

(D) क्रांतिक न्यूनतम सीमा का सिद्धान्त

104. पीकॉक-वाइजमैन परिकल्पना का सम्बन्ध है :

(A) गैर-कर राजस्व में वृद्धि से

(B) सार्वजनिक व्यय की वृद्धि के स्वरूप में परिवर्तन से

(C) सकल घरेलू उत्पाद के संदर्भ में सार्वजनिक व्यय में वृद्धि से

(D) राजकोषीय घाटे से

105. कर का भार क्रेता की तुलना में विक्रेता को अधिक वहन करना होगा, यदि वस्तु की माँग की लोच :

(A) इकाई से अधिक हो

(B) इकाई से कम हो

(C) इकाई के बराबर हो

(D) शून्य हो

mpcareer.in

**106.** What is meant by 'tax deferment' ?

(A) Initial burden of tax

(B) Final tax burden

(C) Shifting of tax burden from one person to another

(D) Tax exemptions under state regulations

**106.** 'कर विवर्तन' से क्या अभिप्राय है ?

(A) कर का प्रारंभिक भार

(B) कर का अंतिम भार

(C) कर भार को एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति पर हस्तांतरित करना

(D) राजकीय नियमों के अधीन कर छूट प्राप्त करना

**107.** What is the value of 'Balanced Budget Multiplier' ?

(A) $K_B = 1$ (B) $K_B > 1$

(C) $K_B < 1$ (D) $K_B = \alpha$

**107.** 'संतुलित बजट गुणक' का मान कितना होता है ?

(A) $K_B = 1$ (B) $K_B > 1$

(C) $K_B < 1$ (D) $K_B = \alpha$

**108.** What is meant by 'Externalities' ?

(A) Goods that are not manufactured in that country.

(B) Natural Disasters.

(C) Cost or Benefits that are not reflected in prices.

(D) Activities that are illegal.

**108.** 'बाह्यताओं' से क्या तात्पर्य है ?

(A) ऐसी वस्तुएँ जो उस देश में निर्मित नहीं होती हैं ।

(B) प्राकृतिक आपदायें

(C) वह लागत या लाभ जो कीमतों में प्रतिबिंबित नहीं होते हैं ।

(D) ऐसी क्रियायें जो गैर-कानूनी हैं ।

mpcareer.in

109. According to Musgrave (The Theory of Public Finance-1959) which of the following is not a fiscal function ?

(A) Currency Issue Function

(B) Allocation Function

(C) Distribution Function

(D) Stabilization Function

110. 'Public Good' is such a good :

(A) To which the Principle of Exclusion does not apply.

(B) Which can be obtained from the market system.

(C) Which is produced on the basis of commercial efficiency.

(D) Which is perfectly divisible.

111. Which of the following does not include in $M_1$ concept of money ?

(A) Currency with the people

(B) Demand Deposits with Banks

(C) Other deposits with Reserve Bank

(D) Time deposits with Banks

109. मसग्रेव (द थ्योरी ऑफ पब्लिक फाइनेंस-1959) के अनुसार निम्नलिखित में से कौनसा राजकोषीय कार्य नहीं है ?

(A) मुद्रा निर्गमन कार्य

(B) आबंटन कार्य

(C) वितरण कार्य

(D) स्थायित्व कार्य

110. एक 'सामाजिक वस्तु' ऐसी वस्तु है :

(A) जिस पर अपवर्जन सिद्धान्त लागू नहीं होता है ।

(B) जिसे बाजार व्यवस्था से प्राप्त किया जाता है ।

(C) जिसका उत्पादन व्यावसायिक दक्षता के आधार पर किया जाता है ।

(D) जो पूर्णतया विभाज्य होती है ।

111. निम्नलिखित में से कौनसा मुद्रा की अवधारणा $M_1$ में सम्मिलित नहीं है ?

(A) जनता के पास करेंसी

(B) बैंकों के पास माँग जमाएँ

(C) रिजर्व बैंक के पास अन्य जमाएँ

(D) बैंकों के पास अवधि जमाएँ

mpcareer.in

112. Who among the following was not a member of Monetary Policy Committee (MPC) in February, 2023 ?

(A) Dr. Shashank Bhide

(B) Dr. Ashima Goyal

(C) Dr. Rajiv Ranjan

(D) Dr. Vinod Paul

113. Which of the following is the formula to find money multiplier ($m$) ?

(A) $m = \frac{H}{M}$

(B) $m = \frac{M}{H}$

(C) $m = M \times H$

(D) $m = M + H$

(Here M = total supply of money and H = high power money)

112. निम्नलिखित में से कौन फरवरी, 2023 में मौद्रिक नीति समिति (एस.पी.सी.) के सदस्य नहीं थे ?

(A) डॉ. शशांक भिड़े

(B) डॉ. आशिमा गोयल

(C) डॉ. राजीव रंजन

(D) डॉ. विनोद पॉल

113. निम्नलिखित में से मुद्रा गुणक ($m$) ज्ञात करने का सूत्र कौनसा है ?

(A) $m = \frac{H}{M}$

(B) $m = \frac{M}{H}$

(C) $m = M \times H$

(D) $m = M + H$

(यहाँ M = मुद्रा की कुल पूर्ति तथा H = उच्च शक्ति मुद्रा)

mpcareer.in

114. Which of the following is a quantitative measure of credit control ?

(A) Selective Credit Control

(B) Rationing of Credit

(C) Moral Persuasion and Publicity

(D) Bank Rate

115. Which of the following is *not* an objective of monetary policy ?

(A) Full Employment

(B) Price Stability

(C) Economic Growth

(D) Social Justice

116. Which of the following measures is *not* associated with expansionary monetary policy to cure recession ?

(A) Increase in Bank Rate

(B) Decrease in Bank Rate

(C) Decrease in Cash Reserve Ratio

(D) Decrease in Statutory Liquidity Ratio

114. निम्नलिखित में से कौनसा साख नियंत्रण का परिमाणात्मक उपाय है ?

(A) प्रवृत्य साख नियंत्रण

(B) साख का राशनिंग

(C) नैतिक दबाव एवं प्रचार

(D) बैंक दर

115. निम्नलिखित में से कौनसा मौद्रिक नीति का उद्देश्य नहीं है ?

(A) पूर्ण रोजगार

(B) कीमत स्थिरता

(C) आर्थिक संवृद्धि

(D) सामाजिक न्याय

116. निम्नलिखित में से कौनसा उपाय मंदी दूर करने के लिये विस्तारवादी मौद्रिक नीति से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) बैंक दर में वृद्धि

(B) बैंक दर में कमी

(C) नकद कोषानुपात में कमी

(D) वैधानिक तरलता अनुपात में कमी

mpcareer.in

117. Example of non-banking financial institutions is :

(A) Insurance firms

(B) Venture capitalists

(C) HDFC Bank

(D) Both (A) and (B)

118. Which personality appointed as SEBI Chief recently by Government will take charge from March 2, 2026 ?

(A) Ajay Tyagi

(B) Tuhin Kanta Pandey

(C) Madhvi Puri Buch

(D) Y. V. Reddy

119. Which of the following is the full form of C.I.R.P. ?

(A) Corporate Involuntary Resolution Processes

(B) Corporate Insolvency Resolution Processes

(C) Corporate Individual Resolution Processes

(D) Corporate Investment Resolution Processes

117. गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं का उदाहरण है :

(A) बीमा फर्में

(B) पूँजीवादी उपक्रम

(C) एच.डी.एफ.सी. बैंक

(D) दोनों (A) और (B)

118. अभी हाल ही में, सरकार ने किस व्यक्तित्व को सेबी प्रमुख/अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है, जो 2 मार्च, 2026 से पदभार ग्रहण करेंगे ?

(A) अजय त्यागी

(B) तुहिन कांत पांडेय

(C) माधवी पुरी बुच

(D) वाई. वी. रेड्डी

119. निम्नलिखित में से सी.आई.आर.पी. (C.I.R.P.) का पूरा नाम क्या है ?

(A) कॉर्पोरेट अनैच्छिक समाधान प्रक्रियाएँ

(B) कॉर्पोरेट दिवालापन समाधान प्रक्रियाएँ

(C) कॉर्पोरेट व्यक्तिगत समाधान प्रक्रियाएँ

(D) कॉर्पोरेट निवेश समाधान प्रक्रियाएँ

120. In which year did Bombay Stock Exchange receive 'Digital Innovation Award' for the Social Media Analytics Project by Net Magic ?

(A) 2018

(B) 2017

(C) 2016

(D) 2015

120. किस वर्ष में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज को सोशल मीडिया एनेलिटिक्स प्रोजेक्ट के लिए 'डिजिटल इनोवेशन अवार्ड' नेट मेजिक द्वारा दिया गया ?

(A) 2018

(B) 2017

(C) 2016

(D) 2015

121. Which one among the following alternatives is not true about Economic Development ?

(A) Economic development is a continuous process.

(B) Economic development occurs due to the spontaneous economic and social elements.

(C) Economic development is originally dynamic in nature.

(D) Economic development is related with the increase in real National Income.

121. निम्नलिखित में से कौनसा एक विकल्प आर्थिक विकास के बारे में सत्य नहीं है ?

(A) आर्थिक विकास एक सतत प्रक्रिया है ।

(B) आर्थिक विकास स्वत: आर्थिक एवं सामाजिक तत्वों के कारण होता है ।

(C) आर्थिक विकास की प्रकृति मूलत: गत्यात्मक होती है ।

(D) आर्थिक विकास का सम्बन्ध वास्तविक राष्ट्रीय आय में वृद्धि से है ।

mpcareer.in

122. Who among the following has stated development process under capitalism as 'creative destruction' ?

(A) Karl Marx

(B) Thomas Malthus

(C) Gunnar Myrdal

(D) Joseph Schumpeter

123. Which of the following is not included in Physical Quality of Life Index (PQLI) that is prepared to make comparison of human welfare at international level ?

(A) Infant Mortality Rate

(B) Literacy Rate

(C) Per Capita Income

(D) Life Expectancy

122. निम्नलिखित में से किसने पूँजीवाद के अन्तर्गत विकास प्रक्रिया को 'रचनात्मक विध्वंस' कहा है ?

(A) कार्ल मार्क्स

(B) थॉमस माल्थस

(C) गुन्नार मिर्डल

(D) जोसेफ शुम्पीटर

123. मानव कल्याण की अन्तर्राष्ट्रीय तुलना हेतु तैयार भौतिक गुणवत्ता जीवन सूचकांक (पी.क्यू.एल.आई.) में निम्नलिखित में से कौनसा सम्मिलित नहीं है ?

(A) शिशु मृत्यु दर

(B) साक्षरता दर

(C) प्रति व्यक्ति आय

(D) जीवन प्रत्याशा

mpcareer.in

124. Which of the following economists has not supported the 'Balance Growth' ?

(A) Rosenstein Rodan

(B) A. O. Hirschman

(C) Harvey Leibenstein

(D) W. W. Rostow

124. निम्नलिखित अर्थशास्त्रियों में से किसने 'संतुलित संवृद्धि' का समर्थन नहीं किया ?

(A) रोजेन्स्टीन रोडान

(B) ए. ओ. हर्षमैन

(C) हार्वे लीवेनस्टीन

(D) डब्ल्यू. डब्ल्यू. रोस्टोव

125. Which of the following is not a measure of income inequality ?

(A) Per Capita Income

(B) Lorenz Curve

(C) Gini Index

(D) All of the above

125. निम्नलिखित में से कौनसा आय की असमानताओं का मापक नहीं है ?

(A) प्रति व्यक्ति आय

(B) लॉरेन्ज वक्र

(C) गिनी सूचकांक

(D) उपर्युक्त सभी

126. In Harrod growth model if actual growth rate is less than warranted growth rate ($G_n < G_W$), then the economy will have :

(A) Chronic depression

(B) Chronic condition of inflation

(C) Get condition of stable growth rate

(D) Have fluctuations

126. हैरोड समृद्धि मॉडल में यदि वास्तविक वृद्धि दर अभीष्ट वृद्धि दर से कम हो ($G_n < G_W$), तो अर्थव्यवस्था में :

(A) दीर्घकालीन अवसाद होगा

(B) दीर्घकालीन स्फीति होगी

(C) स्थिर संवृद्धि दर रहेगी

(D) उच्चावचन होगा

mpcareer.in

127. The concept of 'Backwash Effect' and 'Spread Effect' was given by whom out of the following ?

(A) H. W. Singer

(B) W. A. Lewis

(C) Ragnar Nurkse

(D) Gunnar Myrdal

128. In the Development Economics the prices observed in the market adjusted to take account of these differences between social-cost benefits and private-cost benefits is called :

(A) Production Prices

(B) Shadow Prices

(C) Demand Prices

(D) Derived Prices

127. 'बैकवाश प्रभाव' तथा 'स्प्रेड प्रभाव' की अवधारणा किसके द्वारा दी गयी है ?

(A) एच. डब्ल्यू. सिंगर

(B) डब्ल्यू. ए. लेविस

(C) रेगनर नर्क्से

(D) गुन्नार मिर्डल

128. विकास अर्थशास्त्र में सामाजिक-लागत लाभ तथा निजी-लागत लाभ के बाजार समायोजन उपरान्त प्राप्त मूल्य को कहा जाता है :

(A) उत्पादन कीमतें

(B) छाया कीमतें

(C) माँग कीमतें

(D) व्युत्पन्न कीमतें

mpcareer.in

129. Human Poverty Index (HPI-1) is not based on which one of the following measure of deprivation ?

(A) Inequality of Income

(B) Adult Illiteracy Rate

(C) Probability at birth of not surviving to age 40 years

(D) Lack of a decent standard of living

130. The theory of 'Technological Dualism' has been advocated by :

(A) G. Myrdal

(B) J. H. Boeke

(C) Benjamin Higgins

(D) J. K. Gailbraith

129. मानव निर्धनता सूचकांक (HPI-1) निम्नलिखित में से किस एक वंचन की माप पर आधारित नहीं है ?

(A) आय की असमानता

(B) वयस्क निरक्षरता दर

(C) जन्म के समय 40 वर्ष की उम्र तक जीवित रहने की संभाव्यता

(D) शालीन जीवन स्तर का अभाव

130. 'तकनीकी द्वैतवाद' सिद्धान्त के प्रतिपादक हैं :

(A) जी. मिर्डल

(B) जे. एच. बोके

(C) बेन्जामिन हिगिन्स

(D) जे. के. गेलब्रेथ

mpcareer.in

131. What is the primary implication of Pareto Optimality ?

(A) Equality and Fairness

(B) Allocating resources to all

(C) Without affecting others making one person better off

(D) Maximizing total benefits of all individuals in efficient manner

132. Which of the following represents a positive externality ?

(A) A fish hatchery plant cleans up its own waste.

(B) A gardener invests in the beautification of its own property.

(C) A paper mill causing pollution in a river.

(D) A factory producing harmful chemicals.

131. पैरेटो दक्षता (ऑप्टिमलिटी) का प्राथमिक निहितार्थ क्या है ?

(A) समानता और निष्पक्षता

(B) सभी को संसाधन आवंटित करना

(C) दूसरों को प्रभावित किये बिना एक व्यक्ति को बेहतर बनाना

(D) कुशल तरीके से सभी व्यक्तियों के कुल लाभ को अधिकतम करना

132. निम्नलिखित में से कौनसा कथन सकारात्मक बाह्यता को दर्शाता है ?

(A) एक मछली पालन केन्द्र अपने स्वयं के अपशिष्ट को साफ करे ।


(B) एक माली द्वारा अपनी सम्पत्ति को सुंदर बनाने में निवेश करना ।

(C) एक पेपर मिल का नदी में प्रदूषण पैदा करना ।

(D) एक फैक्ट्री द्वारा हानिकारक रसायनों का उत्पादन करना ।

mpcareer.in

133. In the given figure, if assimilative capacity is zero or insignificant, the broken horizontal line will :




(A) move closer to X-axis

(B) move farther from the X-axis

(C) remain in the same position

(D) move closer to Y-axis

134. Which of the following determines the optimal level of pollution ?


(A) Marginal Social Cost

(B) Marginal Social Benefit

(C) Government Regulations

(D) Marginal Social Cost and Marginal Social Benefits

133. दिये गये चित्र में यदि आत्मसात करने की क्षमता (चित्र में टूटी रेखा) शून्य या नगण्य है तो टूटी हुई क्षैतिज रेखा :




(A) X-अक्ष के करीब चली जायेगी

(B) X-अक्ष से दूर चली जायेगी

(C) उसी स्थिति में रहेगी

(D) Y-अक्ष के करीब चली जायेगी

134. प्रदूषण का इष्टतम स्तर निम्नलिखित में से कौन निर्धारित करता है ?

(A) सीमांत सामाजिक लागत

(B) सीमांत सामाजिक लाभ

(C) सरकारी नियमन

(D) सीमांत सामाजिक लागत एवं सीमांत सामाजिक लाभ

mpcareer.in

135. What is the primary mechanism behind the first demographic dividend ?

(A) Increased fertility rates

(B) Decreased labour force participation

(C) Expansion of the working age population

(D) Rise in elderly dependency ratio

135. प्रथम जनसांख्यिकीय लाभांश के पीछे प्राथमिक तंत्र क्या है ?

(A) प्रजनन दर में वृद्धि

(B) श्रम शक्ति भागीदारी में कमी

(C) कार्यशील आयुवर्ग की जनसंख्या में विस्तार

(D) वृद्ध निर्भरता अनुपात में वृद्धि

136. The Paris Agreement is :

1. Legally binding international treaty on climate change.
2. Entered into force on 4th Nov., 2016.
3. An accord between Europe and USA.
4. Agreement for economic growth and public goods.

**Options :**

(A) 1, 2 options are correct

(B) 1, 3 and 4 options are correct

(C) 1, 2 and 3 options are correct

(D) None of the above options is correct

136. पेरिस समझौता क्या है ?

1. जलवायु परिवर्तन पर कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतर्राष्ट्रीय संधि ।
2. 4 नवम्बर, 2016 को लागू हुआ ।
3. यूरोप और USA के बीच संधि ।
4. आर्थिक विकास और सार्वजनिक वस्तुओं के लिये समझौता ।

**विकल्प :**

(A) 1, 2 विकल्प सही हैं

(B) 1, 3 और 4 विकल्प सही हैं

(C) 1, 2 और 3 विकल्प सही हैं

(D) उपर्युक्त में से कोई विकल्प सही नहीं है

mpcareer.in

137. What is the 'dismal doctrine' associated with Malthus ?

(A) The decline of agricultural productivity.

(B) Positive check on population growth.

(C) The need for moral restraints on population.

(D) The eventual downfall of living standards due to unchecked population growth.

138. Social Cost Benefit Analysis includes :

(A) Direct and Indirect costs of a project to the society.

(B) Direct and Indirect benefits to the society.

(C) Enumeration and evaluation of all costs and benefits.

(D) None of the above

139. What is the primary purpose of a 'life table' ?

(A) Calculate total fertility rate

(B) To know population migration

(C) To know mortality and survival patterns of a population

(D) To know average family size

137. माल्थस से जुड़ा 'निराशाजनक सिद्धांत' क्या है ?

(A) कृषि उत्पादकता में गिरावट

(B) जनसंख्या वृद्धि पर सकारात्मक नियंत्रण

(C) जनसंख्या पर नैतिक संयम की आवश्यकता

(D) अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि के कारण जीवनस्तर में अंततः गिरावट

138. सामाजिक लागत-लाभ विश्लेषण अनुमान में क्या शामिल है ?

(A) समाज के लिये एक परियोजना की प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लागत ।

(B) समाज के लिये प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभ ।

(C) सभी लागतों और लाभों की गणना और मूल्यांकन ।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

139. 'जीवन तालिका' (लाइफ टेबल) का मुख्य उपयोग क्या है ?

(A) कुल प्रजनन दर की गणना के लिये

(B) जनसंख्या पलायन जानने के लिये

(C) जनसंख्या की मृत्यु एवं जीवित रहने के पैटर्न को जानने के लिये

(D) औसत परिवार आकार जानने के लिये

mpcareer.in

140. To achieve zero carbon emission coal, Ministry of Ports, Shipping and Waterways has launched which guidelines ?

(A) 'Harit Sagar' the Green Port Guidelines 2023

(B) 'Green Sagar' the Green Port Guidelines 2023

(C) 'No to Carbon' the Green Port Guidelines 2023

(D) 'Shrey Scheme' the Green Port Guidelines 2023

141. In India at present what is the limit of investment in 'Micro Enterprises' ?

(A) up to ₹ 1 crore

(B) up to ₹ 5 crores

(C) up to ₹ 7.5 crores

(D) up to ₹ 2.5 crores

140. शून्य कार्बन उत्सर्जन कोयला प्राप्त करने के लिये बन्दरगाह, नौकायन और जलमार्ग मंत्रालय ने कौनसे दिशानिर्देश जारी किये हैं ?

(A) 'हरित सागर' ग्रीन पोर्ट दिशानिर्देश 2023

(B) 'ग्रीन सागर' ग्रीन पोर्ट दिशानिर्देश 2023

(C) 'नो टू कार्बन' ग्रीन पोर्ट दिशानिर्देश 2023

(D) 'श्रेय योजना' ग्रीन पोर्ट दिशानिर्देश 2023

141. भारत में वर्तमान में एक 'सूक्ष्म उद्यम' में निवेश की सीमा क्या है ?

(A) ₹ 1 करोड़ तक

(B) ₹ 5 करोड़ तक

(C) ₹ 7.5 करोड़ तक

(D) ₹ 2.5 करोड़ तक



mpcareer.in

142. In the year 1982 'NABARD' was established for the development of which sector ?

(A) Urban Sector

(B) Rural Sector

(C) Service Sector

(D) Industrial Sector

142. वर्ष 1982 में 'नाबार्ड' (NABARD) की स्थापना किस क्षेत्र के विकास के लिए की गयी थी ?

(A) शहरी क्षेत्र

(B) ग्रामीण क्षेत्र

(C) सेवा क्षेत्र

(D) औद्योगिक क्षेत्र

143. Which amendment in the constitution of India made free and compulsory education to all children of 6-14 years of age a Fundamental Right ?

(A) 93rd Amendment

(B) 83rd Amendment

(C) 86th Amendment

(D) 103rd Amendment

143. 6-14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों के लिए नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा को भारतीय संविधान के किस संशोधन में मूल अधिकार बना दिया गया ?

(A) 93वाँ संशोधन

(B) 83वाँ संशोधन

(C) 86वाँ संशोधन

(D) 103वाँ संशोधन

144. 'SAGAR MALA' project is related with which sector ?

(A) National Highways

(B) Waterways and Coastline

(C) Airways and Airports

(D) Railways

144. 'सागर माला' परियोजना किस क्षेत्र से सम्बन्धित है ?

(A) राष्ट्रीय राजमार्ग

(B) जलमार्ग एवं समुद्र-तट

(C) वायुमार्ग एवं हवाई अड्डे

(D) रेलमार्ग

mpcareer.in

145. IRDA was established for reforms in which sector ?

(A) Banking Sector

(B) Education Sector

(C) Insurance Sector

(D) Transport Sector

145. 'इरडा' (IRDA) की स्थापना किस क्षेत्र में सुधारों के लिए की गयी थी ?

(A) बैंकिंग क्षेत्र

(B) शिक्षा क्षेत्र

(C) बीमा क्षेत्र

(D) परिवहन क्षेत्र

146. Who is the chairman of Fifteenth Finance Commission of India ?

(A) S. K. Singh

(B) N. K. Singh

(C) C. Rangarajan

(D) Arvind Pangariya

146. भारत के पंद्रहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष कौन हैं ?

(A) एस. के. सिंह

(B) एन. के. सिंह

(C) सी. रंगराजन

(D) अरविंद पनगढ़िया

147. Which of the following is the objective of Foreign Trade Policy-2023 ?

(A) To boost services export

(B) To improve infrastructure

(C) To have regular meetings with export promotion council

(D) All of the above

147. निम्नलिखित में से कौनसा विदेशी व्यापार नीति-2023 का उद्देश्य है ?

(A) सेवा निर्यात को बढ़ावा देना

(B) बुनियादी ढाँचे में सुधार करना

(C) निर्यात संवर्धन परिषद के साथ नियमित बैठकें करना

(D) उपर्युक्त सभी

mpcareer.in

148. Who started the Bhoodan movement in India ?

(A) Swami Vivekananda

(B) Subhash Chandra Bose

(C) Acharya Vinoba Bhave

(D) Bal Gangadhar Tilak

149. As per estimates of 'Dandekar and Rath' regarding standard of 'Poverty Line' in India, what was considered as minimum level of nutrition ?

(A) 3250 Calories

(B) 4250 Calories

(C) 2250 Calories

(D) 1250 Calories

150. In which year did the 'Second Tarapore Committee' submit its report on "Capital Account Convertibility" ?

(A) 2006 (B) 2008

(C) 2009 (D) 2010

148. भारत में भूदान आन्दोलन किसने प्रारंभ किया था ?

(A) स्वामी विवेकानन्द

(B) सुभाष चन्द्र बोस

(C) आचार्य विनोबा भावे

(D) बाल गंगाधर तिलक

149. भारत में 'गरीबी रेखा' के स्तर के संदर्भ में 'दाण्डेकर एवं रथ' के अनुमानों में पोषण के न्यूनतम स्तर को कितना रखा गया था ?

(A) 3250 कैलोरी

(B) 4250 कैलोरी

(C) 2250 कैलोरी

(D) 1250 कैलोरी

150. "पूँजी खाता परिवर्तनीयता" पर 'द्वितीय तारापोर समिति' ने अपनी रिपोर्ट किस वर्ष प्रस्तुत की थी ?

(A) 2006 (B) 2008

(C) 2009 (D) 2010

mpcareer.in

रफ़ कार्य के लिए जगह

(SPACE FOR ROUGH WORK)

mpcareer.in

रफ़ कार्य के लिए जगह

(SPACE FOR ROUGH WORK)

mpcareer.in

## रफ़ कार्य के लिए जगह

## (SPACE FOR ROUGH WORK)

mpcareer.in

रफ़ कार्य के लिए जगह

(SPACE FOR ROUGH WORK)

mpcareer.in